प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19 ए विधान सभा मार्ग लखनऊ।

सेवा में,

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद– हमीरपुर, उत्तर प्रदेश।

**पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / कम्यू.प्रो0 / एम.एण्ड ई.भ्रमण / 2018–19 / 105** 8773 **दिनांक :** 20/01/2020

**विषय : राज्य स्तरीय टीम द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत भ्रमण में पायी गयी कमियों के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

अवगत कराना है कि दिनांक 23 से 25 दिसम्बर 2019 के मध्य नामित राज्य स्तरीय टीम द्वारा आपके जनपद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। भ्रमण की विस्तृत रिपोर्ट, पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

अतः रिपोर्ट में उल्लिखित कमियों को तत्काल दूर कराकर अपनी आख्या उपलब्ध करने का कष्ट करें।

**<u>संलग्नक–यथोक्त।</u>**

**भवदीया**

**(जसजीत कौर)**
अपर मिशन निदेशक

**पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / कम्यू.प्रो0 / एम.एण्ड ई.भ्रमण / 2018–19 / 105** **तद्दिनांक :**

**प्रतिलिपि :** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम, लखनऊ, उ0प्र0।
2. महानिदेशक परिवार कल्याण, प0क0 महानिदेशालय, उ0प्र0।
3. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद हमीरपुर उ0प्र0।
4. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चित्रकूट मण्डल, उ0प्र0
5. समस्त महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
6. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, चित्रकूट उ0प्र0।
7. जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धक,डी0ई0आई0सी0 मैनेजर / अर्बन हेल्थ कोर्डिनेटर जनपद हमीरपुर, उ0प्र0।

**(डॉ0 ए0बी0 सिंह)**
उपमहाप्रबन्धक–एन0सी0डी0
/ मण्डलीय नोडल अधिकारी
चित्रकूट मण्डल

# सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण आख्या
## जनपद–हमीरपुर

मिशन निदेशक महोदय, एन0एच0एम0 उ0प्र0 के निर्देशों के क्रम में श्री इन्द्रजीत सिंह सलाहकार आर0के0एस0के0 एवं बलराम तिवारी, रीजनल कोऑर्डिनेटर (स्टेट) ए0आर0सी0 सी0पी0 द्वारा दिनांक 23 से 25 दिसम्बर 2019 के मध्य जनपद हमीरपुर का भ्रमण कर एल–3, एल–2 व एल–1 स्तर की स्वास्थ्य इकाईयों, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा सामुदायिक गतिविधियों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एम0एच0 कन्सल्टेन्ट तथा अर्बन हेल्थ कोआर्डिनेटर का सहयोग रहा। भ्रमण किये गये बिन्दुओं को जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय तथा जिला कार्यक्रम प्रबन्धक के साथ बैठक कर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई व सुधारात्मक कार्यवाही हेतु अग्रिम कार्योजना पर चर्चा हुई, आख्या निम्नवत् है–

| सी0एच0सी0–मोदहा | | |
|---|---|---|
| **अवलोकन बिन्दु** | **सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही** | **आपेक्षित कार्यवाही का स्तर** |
| • वार्ड में गन्दगी थी, बेड पर चादर, गद्दे, मैकनटास कटे फटे थे। स्टाफ नर्स एवं आशा वेटिंगरूम में काफी गन्दगी थी, कुर्सियां टूटी एवं शौचालय बहुत ही गन्दा था। वार्ड में वाल पेन्टिंग काफी कम थी। | वार्ड को साफ कराया गया बेड पर चादर तकिये गद्दे, मैकनटास आदि की व्यवस्था कराई गई। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| • वार्ड में टी0वी0 की व्यवस्था नहीं थी, जिसके कारण आई0ई0सी0 से सम्बन्धित विडिओ का डिस्प्ले नहीं किया जा रहा | वार्ड में टी0वी0 की व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| • लेबर रूम मे डिजिटल वांच नहीं थी कैलिस पैड पंचर पाये गये एवं मैटरस नहीं था। | | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| • प्रोटोकाल पोस्टर सही से नही लगे थे तथा जो लगे भी थे वो हिन्दी मे नही लिखे थे। | | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| • प्रसव पश्चात् बच्चों को तौलिया में नही लपेटा जा रहा है। | | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| • वार्ड के साथ अटैच शौचालय मे ताला लगा हुआ था। | ताला खुलवाने पर देखा गया कि शौचालय बहुत गन्दा था जिसमे पत्थर रखे हुये थे। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| • आटोक्लेव का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है और न ही लागबुक बनाई गई है। लेबर रूम में उपयोग किये जाने वाले उपकरण का sterilization का रिकार्ड उपलब्ध नहीं था। | लागबुक तैयार करने के लिए कहा गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / स्टाफनर्स |
| • स्टॉक रजिस्टर 30.11.2019 के बाद से अपडेट नही है। | | स्टाफ नर्स संगीता को स्टॉक रजिस्टर अपडेट करना है। |
| • केश शीट पूरी भरी नही जा रही है। कई महीनों की केश शीट अपूर्ण पाई गई। | | स्टाफ नर्स |
| • लेबर रूम में सेवन ट्रे व्यवस्थित नही है। तथा मानक के अनुसार सेवन ट्रे की कमी पाई गई। जबकि प्रतिदिन 10 से 12 डिलिवरी का लोड है। | मानक के अनुसार ट्रे सेट व्यवस्थित करने का सुझाव दिया गया तथा उपब्ध 2 सैट ट्रे को व्यवस्थित कराया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / स्टाफ नर्स |

| | | |
|---|---|---|
| • लेबर रूम के अन्दर सरसो के तेल की 6 शीशियां पाई गई | तत्काल तेल की शिशियों को लेबर रूम से हटवाया गया। | |
| • कलर कोडिड डस्ट बिन के स्थान पर लेबर रूम में प्लास्टिक टव/बाल्टी का उपयोग किया जा रहा था। साथ ही बायोमेडिकल बेस्ट का निस्तारण उचित तरीके से नही किया जा रहा था। | कलर कोडिड डस्ट बिन के उपयोग के बारे में बायोमेडिकल बेस्ट का निस्तारण उचित तरीके से निस्तारित करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| • रेडियन्ट वार्मर हेतु लागबुक नहीं तैयार किया गया है। जिसके कारण यह पता करना मुश्किल है कि कितने बच्चों हेतु/कितने समय के लिए रेडियन्ट वार्मर का उपयोग किया गया है। | लागबुक तैयार करने के लिए कहा गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| • पूर्व में उपलब्ध कराये गये डिलिवरी रजिस्टर पूर्ण हो चुके है। नये डिलिवरी रजिस्टर उपलब्ध कराये गये है, जिसके कारण होने वाली डिलिवरी का दस्तावेजीकरण नहीं किया जा रहा है। | जल्द से जल्द रजिस्टर उपलब्ध कराने के सुझाव दिये गये। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी/डी0पी0एम0 |
| • ए0एनसी0 एवं पी0एन0सी0 वार्ड अलग नहीं बनाये गये है। दोनों प्रकार के लाभार्थियों को एक ही वार्ड में रखा जाता है। | ए0एनसी0 एवं पी0एन0सी0 वार्ड अलग तैयार करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| • लेबर रूम के स्टाफ का ड्यूटी रोस्टर नहीं बनाया गया है। | रोस्टर बनाकर उसके अनुसार ड्यूटी कराने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| • ऑक्सीजन सिलेण्डर के उपयोगार्थ लागबुक नहीं बनाई गई है। | लागबुक तैयार करने के लिए कहा गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| • एन0सी0डी0 कार्यक्रम हेतु ग्लूकोमीटर उपलब्ध नहीं था। | जल्द से जल्द ग्लूकोमीटर उपलब्ध कराने के सुझाव दिये गये। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी/डी0पी0एम0 |
| • बी0पी0एम0यू0 यूनिट में सभी कार्यक्रम से सम्बन्धित फाईलें तथा रिकार्ड आदि सही तरीके से नहीं तैयार की गई है। तथा विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों की मासिक व त्रैमासिक रिपोर्ट मांगे जाने पर बताया गया कि ये रिपोर्टे कम्प्यूटर में है। | बी0पी0एम0यू0 यूनिट में सी0पी0, फाईनेन्स तथा अन्य कार्यक्रमों की फाईल तैयार कराई गई तथा निर्देशित किया गया कि सभी फाईलों में कम्प्लीट अभिलेख माह अप्रेल 2019 से वर्तमान माह तक का प्रिन्टआउट कर सम्बन्धित कार्यक्रम अधिकारी व प्रभारी द्वारा हस्ताक्षर कर फाईल मे अवलोकनार्थ लगाया जायें। | बी0पी0एम0यू0 यूनिट/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी। |
| • जे0एस0वाई0 के भुगतान की माहवार स्थित की समीक्षा की गई, जिसमें लाभार्थियों का भुगतान लम्बित बताया गया। | सुझाव दिया गया कि सभी लाभार्थियों का लम्बित भुगतान यथा शीघ्र करा दिया जाये। | बी0पी0एम0/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी। |
| • स्टोर में कम्प्यूटर पैक अवस्था में पाया गया। जिसे अभी तक मेडिसिन की इन्ट्री हेतु इन्स्टाल नहीं किया गया है। | तत्काल कम्प्यूटर को इन्सटाल कराने का सुझाव दिया गया । | स्टाफ नर्स अधीक्षक/बी0पी0एम0 |
| • विफ्स रिपोर्ट शिक्षा विभाग एवं आई0सी0डी0एस0 से नहीं मंगाई जा रही है। फिर भी ब्लाक द्वारा विफ्स रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। | शिक्षा विभाग एवं आई0सी0डी0 एस0 से प्राप्त रिपोर्ट को संकलित कर पोर्टल पर अपलोड करने के लिए कहा गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/बी0पी0एम0 |

| | | |
|---|---|---|
| • आर0बी0एस0के0 टीम के डा0 शाहीन एवं किशन स्टाफनर्स अनुपस्थित थी। | आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| • आर0बी0एस0के0 टीम के पास माईक्रोप्लान की हार्ड कापी उपलब्ध नहीं थी। | टीम के पास माईक्रो प्लान की कापी उपलब्ध होने के सुझाव दिये गये। | |
| • आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा 31 से लेकर 38 डिजीज (किशोर स्वास्थ्य) के बारे में मासिक रिपोर्टिंग नहीं की जा रही है। | सभी डिजीज के सम्बन्ध में रिपोर्टि करने के लिए कहा गया। | |
| • सी0एच0सी0 में मरीजों हेतु दवाईयां बाहर से लिखी जा रही थी। भ्रमण के दौरान दो तीन मरीजों के पास बाहर की दवाइयां मिली | दवाईयां बाहर से न लिखने के लिए कहा गया। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी/ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| • ए0एन0सी0 हेतु एग्जामीनेशन टेबल उपलब्ध नहीं थी। | जल्द से जल्द टेबल उपलब्ध कराने के सुझाव दिये गये। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी/ डी0पी0एम0 |
| • कन्डोम बाक्स खुला हुआ पाया गया। और उसमे कन्डोम उपलब्ध नहीं थे। | बाक्स में लॉक लगाने एवं नियमित रूप से कन्डोम बाक्स में उपलब्ध कराना अपेक्षित | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| • वार्ड में जैनुब निशा नाम की लाभार्थी को आयरन शुक्रोज चढ़ाया जा रहा था। परन्तु उसका एडमीशन नहीं हुआ था। | कोई भी लाभार्थी चिकित्सालय में सेवा लेने हेतु जब आये जो उसका पूरा प्रापर पंजीकरण अवश्यक किया जाये। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| **एच0डब्ल्यू0सी0 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हमीरपुर।** | | |
| • बी0एम0डब्लू0 निस्तारण हेतु कलर कोडेट डस्टबिन, बकेट उपलब्ध नहीं थी। | आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए कहा गया। | नोडल अधिकारी एन0यू0एच0एम0/ अर्बन कोआर्डिनेटर |
| • अस्पताल के दिवारों पर मानकानुसार ब्राडिगं नही की गई है। बताया गया कि मकान मालिक द्वारा वाल पेन्टिंग के लिए मना किया जाता है। | मानकानुसार ब्राडिगं कराने के लिए कहा गया। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी/ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| • प्रसव कक्ष के अन्तर्गत कैलिस पैड, मैट्रस, व बी0एच0टी0, डिलिवरी रजिस्टर, एग्जामीनेशन टेबल, डिजीटल थर्मामीटर, बच्चों को लपेटने के लिए तौलिया, रूम थर्मामीटर, ग्लूकोमीटर उपलब्ध नही थी। | आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए कहा गया। | नोडल अधिकारी एन0यू0एच0एम0/ अर्बन हेल्थ कोआर्डिनेटर |
| • डेली मेडिसिन खर्च रजिस्टर अपडेट नहीं था। | तत्काल अपडेट करने के लिए कहा गया। तथा आगे नियमित रूप से बनाने के लिए कहा गया। | फार्मासिस्ट |
| • एच0डब्ल्यू0सी0 पर योगा कक्ष नहीं बनाया गया है तथा योगा नहीं कराया जा रहा है। | योगा कक्ष बनाने के लिए कहा गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी। |
| • प्रसव कक्ष में हैड वाश की सुविधा/प्रोटोटाइप नही था। | मुख्यालय से हैण्डवाश का प्राटोटाईप मंगाकर चस्पा करने के लिए कहा। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी। |
| • लैब कक्ष में काफी कबाड़ का सामान भरा पाया गया एवं लैब से बायोमेडिकल बेस्ट का सेपरेशन नहीं किया जा रहा है। | कबाड़ सामान को हटबाया गया तथा नियमित रूप से बायोमेडिकल बेस्ट का सेपरेशन करने के लिए कहा गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/लैबटेक्निशियन |
| • ए0एन0सी0 रजिस्टर में एच0आर0पी0 का चिन्हीकरण नहीं किया जा रहा था। | एच0आर0पी0 का चिन्हीकरण करने का निर्देश दिया गया। | ए0एन0एम0/ स्टाफ नर्स |

| | | |
|---|---|---|
| • लेबर रूम में स्पेस बहुत कम था। दो लेबर टेबल को आपस में जोड़ा गया था और उस पर डिलिवरी कराई जाती है। साथ ही डिलिवरी ट्रे व्यवस्थित नहीं पाई गई। | आवश्यक व्यवस्थाओं को त्वरित रूप ठीक करने को कहा गया। | ए0एन0एम0 / स्टाफ नर्स |
| • बी0एच0टी0 अपूर्ण पाई गई। उपकरणो के स्ट्रेलाईजेशन का कोई भी रिकार्ड उपलब्ध नहीं था। | आवश्यक व्यवस्थाओं को त्वरित रूप ठीक करने को कहा गया। | ए0एन0एम0 / स्टाफ नर्स |
| • अर्बन हेल्थ कोआर्डिनेटर द्वारा इस किन्द्र पर सहयोगात्मक पर्यवेक्षण का कोई विवरण व रिकार्ड प्राप्त नहीं हुआ। | सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु प्लान तैयार कर नियमित परीक्षण करने का सुझाव दिया गया। | अर्बन हेल्थ कोआर्डिनेटर |
| **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुमेरपुर –हमीरपुर** | | |
| • बीसीपीएम / बी0पी0एम0 द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु प्लान नहीं बनाया ता रहा है। और न ही उनके द्वारा भ्रमण करने का कोई रिकार्ड प्राप्त हुआ है। | सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु प्लान तैयार करते हुए नियमित निर्धारित भ्रमण किये जाये। तथा प्लान एवं भ्रमण आख्या बनाकर फाईल किया जाये। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / बी0पी0एम0यू0 यूनिट |
| • आशा पेमेन्ट वाउचर पर बीसीपीएम, बी0ए0एम0 एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा किसी भी माह में हस्ताक्षर नहीं किये गये है। जबकि भुगतान किया जा रहा था। साथ ही साथ आशा भुगतान की गाईड लाईन के विपरीत विभिन्न प्रकार के अतिरिक्त संलग्नक आशा द्वारा लगवाये जा रहे है। साथ ही आशा मास्टर पेमेन्ट रजिस्टर नहीं बनाया गया है। | सुझाव दिया गया कि गाईड लाईन के अनुसार ही संलग्नक लगवाये जायें। तथा सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित भी किया जाये। आशा पेमेन्ट वाउचर पर हस्ताक्षर अपेक्षित। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / बी0सी0पी0एम0 / बैम |
| • बी0सी0पी0एम0 का अभिलेखीकरण का कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया। उसके पास कम्यूनीटी प्रोसेस कार्यक्रम से सम्बन्धित अभिलेख अपूर्ण प्राप्त हुए। | समस्त गतिविधियों के अभिलेखों से सम्बन्धित रजिस्टर व फाईलों को तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। | बी0पी0एम0यू0 यूनिट |
| • एन0डी0डी0 कार्यक्रम माह अगस्त में किया जा चुका है। परन्तु अभी तक आशाओ को बच्चों के मोबिलाईजेशन का भुगतान नहीं किया गया है। एन0डी0डी0 हेतु आशा को भुगतान करने हेतु काई भी वाउचर उपलब्ध नहीं था। | जल्द से जल्द भुगतान अपेक्षित | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / बी0पी0एम0 / बी0सी0पी0एम0 / बैम |
| • आर0के0एस0 रजिस्टर बार–बार मांगे जाने के बावजूद भी नहीं दिखाया गया। | | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / बी0पी0एम0 / बैम |
| • लेवर रूम मे लेवर टेबल पर मैट्रस के नीचे ब्लड तथा गन्दगी भरी पड़ी थी। लेबर रूम बहुत गन्दा, अव्यवस्थित, डिजिटल वाच डिजीटल थर्मामीटर, बच्चों को लपेटने के लिए तौलिया तथा थर्मामीटर, की कमी पाई गई। कक्ष में प्रकाश की भी काफी कमी थी। | भ्रमण के दौरान उपस्थित सफाइ कर्मी व टीम को प्रोत्साहित कर कक्ष को सही करवाने का प्रयास किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी महोदय द्वारा आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराना अपेक्षित। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / बी0पी0एम0 / बी0सी0पी0एम0 / बैम |
| • वार्ड में बेड पर गद्दे चादर मैकनटास नही थी। वार्ड बहुत ही गन्दा, वार्ड में अनावश्यक सामान भरा पाया गया। शौचालय बहुत ही गन्दा था तथा वही पर एक स्टोर में गन्दगी का अम्बार लगा | स्टोर से सामान निकलवाकर वार्ड को व्यवस्थित कराया गया। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / बी0पी0एम0 / बी0सी0पी0एम0 |

| | | |
|---|---|---|
| हुआ था। कमरे मे एक भी लाईट नहीं जल रही थी। बताया गया कि बल्ब चोरी हो जाते है। कमरे में लगा टी0बी0 क्रियाशील नहीं था। | | |
| • लेबर रूम के स्टाफ का ड्यूटी रोस्टर नहीं बनाया गया है। | रोस्टर बनाकर उसके अनुसार ड्यूटी कराने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| • ऑक्सीजन सिलेण्डर के उपयोगार्थ लागबुक नहीं बनाई गई है। | लागबुक तैयार करने के लिए कहा गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| • स्टाफ नर्स चॉदनी द्वारा मरीजो को परेशान किया जा रहा है तथा डिलीवरी के तुरंत 2 घंटे बाद मरीजो का छुटटी कर दी गई। | चांदनी स्टाफ नर्स पर कार्यवाही अपेक्षित | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| • लाभार्थियों का डाईट रजिस्टर नहीं बनाया जा रहा है। तथा भ्रमण के दौरान भोजन अथवा भोजन बनने का स्थान देखने को प्राप्त नहीं हो सका। | | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी। |
| • विफ्स रिपोर्ट शिक्षा विभाग एवं आई0सी0डी0एस0 से नहीं मंगाई जा रही है। फिर भी ब्लाक द्वारा विफ्स रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। | शिक्षा विभाग एवं आई0सी0डी0 एस0 से प्राप्त रिपोर्ट को संकलित कर पोर्टल पर अपलोड करने के लिए कहा गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / बी0पी0एम0 |
| • आर0बी0एस0के0 टीम की स्टाफ नर्स सुमन अनुपस्थित पाई गई। सुमन नियमित रूप से अनुपस्थित रहती है। | सुमन स्टाफ नर्स पर कार्यवाही अपेक्षित। | जनपदीय नोडल अधिकारी आर0बी0एस0के0 / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| • आर0बी0एस0के0 टीम ए के कुछ सदस्य टीम बी में कार्य कर रहे है। इस प्रकार से टीम के कम्पोजीशन को ब्रेक किया गया है। | टीम कम्पोजीशन सही कराना अपेक्षित। | जनपदीय नोडल अधिकारी आर0बी0एस0के0 / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| • भ्रमण के दौरान सी0एच0सी0 में आयोजित ए0एन0एम0 बैठक में प्रतिभाग किया गया था तथा सभी उपस्थित ए0एन0एम0 को वी0एच0एन0डी0 की गुणवत्ता तथा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के बारे मे जानकारी प्रदान की गई। | | |
| **ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस, स्थान – दरियापुर आंगनबाड़ी केन्द्र उपकेन्द्र कुन्डेरा, सुमेरपुर** | | |
| • सत्र स्थल पर दो ए0एन0एम0 पूनम सिंह एवं अन्नपूर्णा द्वारा कार्य किया जा रहा था। दोनों ए0एन0एम0 पिछले एक वर्ष से एक साथ कार्य कर रही है। जबकि जनपद द्वारा दी गई सूचना के अनुसार उपकेन्द्र पर 02 ए0एन0एम0 की तैनाती नहीं है। | एक ए0एन0एम0 को दूसरे खाली उपकेन्द्र पर तैनाती अपेक्षित। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| • ए0एन0एम0 के पास वी0एच0एन0डी0 माईक्रोप्लान एवं बैनर उपलब्ध नहीं था। | | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / बी0पी0एम0 |
| • आशा का वी0एच0आई0आर0 रजिस्टर अपूर्ण था व लाभार्थियों को मिलने वाली सेवाओं का विवरण नहीं भरा गया है। तथा आशा का रिकार्ड अपडेट नहीं था। | आशा को रजिस्टर पूर्ण करने हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / बी0पी0एम0 / बी0सी0पी0एम0 |
| • डियू लिस्ट आशा एवं ए0एन0एम0 की मैच नहीं कर रही थी। व आशा द्वारा डियू लिस्ट | ए0एन0एम0 को निर्देशित किया गया कि आशा के ड्यू लिस्ट सही | बी0सी0पी0एम0 |

| | | |
|---|---|---|
| वी0एच0आई0आर0 में नहीं बनाया जा रहा है। एच0आर0पी0 का फालोअप सत्र पर नहीं किया जा रहा है। | तैयार कराने में सहयोग प्रदान करें। | |
| • ए0एन0एम0 को विफ्स कार्यक्रम के बारे में जानकारी नहीं थी तथा अपनी निगरानी में किशोरियों को वी0एच0एन0डी0 दिवस पर आयरन नहीं खिलाया जा रहा था। | ए0एन0एम0 का विफ्स कार्यक्रम का अभिमुखीकरण किया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बी0पी0एम0 आर0बी0एस0के0टीम |
| • आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के आयरन की नीली गोलियां किशोरियों हेतु उपलब्ध नहीं थी।विफ्स रजिस्टर, कार्ड नहीं भरा जा रहा था। केन्द्र पर विफ्स एवं निपी पोस्टर भी अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। | ए0एन0एम0 के माध्यम से आयरन की गोलियां केन्द्र पर उपलब्ध कराई गई एवं रजिस्टर भरने एवं रिपोर्ट भेजने के बारे में जानकारी प्रदान की गई। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बी0पी0एम0/आर0बी0 एस0के0टी/सी0डी0पी 0ओ0/मुख्य सेविका |
| • आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों का ग्रेड चार्ट नहीं भरा जा रहा है। गम्भीर कुपोषित बच्चों का फलोअप एवं सन्दर्भन ए0एन0एम0 एवं आंगनबाड़ी द्वारा नहीं किया गया है। पोषाहार वितरण सम्बन्धी अभिलेख कार्यकर्ती द्वारा नहीं दिखया जा सका। | | सी0डी0पी0ओ0/मुख्य सेविका |
| • सत्र स्थल पर खून की जांच यूरिन जांच नहीं की जा रही थी। | प्रत्येक सत्र पर ए0एन0सी0 में जांच करने हेतु ए0एन0एम0 को निर्देशित किया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/ बी0पी0एम0/ बी0सी0पी0एम0 |
| • सत्र स्थल पर लाभार्थियों के पेट की जांच/ए0एन0सी0 जांच नहीं की जा रही थी। | भ्रमण के दौरान केन्द्र में एक बन्द पड़े स्टोर में कबाड़ साफ करवा कर ए0एन0सी0 जांच हेतु चारपाई इत्यादि की व्यवस्था कराई गई। तत्तपश्चात् ए0एन0एम0 द्वारा जांच की शुरूआत की गई। सभी वी0एच0एन0डी0 सत्र पर ए0एन0सी0 जांच अपेक्षित। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/ बी0पी0एम0/ बी0सी0पी0एम0 |
| **हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर इन्गौता** | | |
| • एक अतिरिक्त कक्ष का निर्माण हो गया है। जबकि फिनिश नहीं कराया गया है। जिसकी छत छतिग्रस्त बताई गई।<br>• ब्रान्डिंग का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है।<br>• केन्द्र में शौचालय कियाशील नहीं है।<br>• केन्द्र में विद्युत आपूर्ति नहीं है।<br>• केन्द्र के सामने काफी गन्दगी है। | केन्द्र को मानकानुसार पूर्ण व सुसज्जित कराने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/ डी0सी0पी0एम0 |
| • ग्लूकोमीटर, ग्लूको स्टीप्स, वी0पी0 उपकरण खराब था एवं उपलब्ध कराई गई फर्नीचर की क्वालिटी अत्यन्त दैनीय है। | आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना अपेक्षित। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/ डी0सी0पी0एम0 |
| • एच0डब्ल्यू0सी0 में कन्ज्यूमेबल्स एवं ड्रग्स आदि की उपलब्धता नहीं कराई गई है। | उपलब्धता सुनिश्चित कराना अपेक्षित। | |
| • सी0एच0ओ0 को एक भी माह का पी0बी0आई0 नहीं दिया गया है। | गाईड लाईन के अनुसार ई0बी0आई0 का भुगतान नियमानुसार तुरन्त कराया जाना सुनिश्चित कराया जाये। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/ डी0सी0पी0एम0 |

| | | |
|---|---|---|
| • केन्द्र हेतु ओ0पी0डी0 रजिस्टर व ओ0पी0डी0 पेपर आदि उपलब्ध नहीं कराये गये है। | उपलब्धता सुनिश्चित कराना अपेक्षित। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/ डी0सी0पी0एम0 |
| • केन्द्र में एच0डब्ल्यू0सी0 सम्बन्धित किसी प्रकार की कोई आई0ई0सी0 मटेरियल नहीं लगाई गई है। | उपलब्धता सुनिश्चित कराना अपेक्षित। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/ डी0सी0पी0एम0 |
| • दिये गये टैबलेट का आई0डी0 पासवर्ड नहीं दिया गया है। जिससे डेली रिपोर्टिंग का कार्य बाधित हो रहा है। | सुनिश्चित कराना अपेक्षित। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/ डी0सी0पी0एम0 |
| **भ्रमण जिला महिला चिकित्सालय –हमीरपुर** | | |
| • फैमिली प्लानिंग काउन्सलर नितिका द्वारा लाभार्थियों की काउन्सलिंग नहीं की जाती है। वार्ड के रजिस्टर से लाभार्थियों का नाम अपने रजिस्टर में भरा जा रहा है। | नियमानुसार ओ0पी0डी0 के सभी लाभार्थियों की काउन्सलिंग करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक द्वारा |
| • प्रसव होने वाले बच्चो को तौलिया मे नही लपेटा जा रहा है। | आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना अपेक्षित | चिकित्सा अधीक्षक द्वारा |
| • बी0एच0टी0 पूर्ण नहीं भरी जा रही थी। माताओं को स्तनपान से सम्बन्धित परामर्श नहीं दिया जा रहा है। | बी0एच0टी0 पूर्ण कराया गयी, आगे से ऐसा न करने के निर्देश दिये गये। | चिकित्सा अधीक्षक द्वारा नियमित बी0एच0टी0 का निरीक्षण। स्टाफ नर्स |
| • लेबर रूम के अन्दर सरसो का तेल पाया गया | सरसों का तेल हटवाया गया। आगे से ऐसा न करने का निर्देश दिये गये। | सटाफ नर्स |
| • डाइट हेतु प्रिन्टेड रजिस्टर उपलब्ध नहीं थे तथा अपडेट भी नहीं पाया गया। | डाइट का रिकार्ड प्रिन्टेड रजिस्टर में तैयार करना अपेक्षित। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |
| • हाइपोक्लोराइड केमिकल एवं कलर पालीबैग एजेन्सी द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। | उपलब्धता सुनिश्चित कराना अपेक्षित | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |
| • चिकित्सालय में अभिलेखी करण का कार्य काफी सुन्दर व सुसज्जित रूप से किया गया है जबकि कुछ अभिलेख अप टू डेट नहीं पाये गये। | सुझाव दिया गया कि चिकित्सालय का अभिलेखीकरण व अन्य अच्छी गतिविधियों को दूसरी फैसिलिटी के स्टाफ को दिखवाई जाये। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/मुख्य चिकित्सा अधिकारी/ डी0पी0एम0। |

राज्य स्तरीय टीम द्वारा भ्रमण के अन्तिम दिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी से भेंट कर फीडबैक दिया गया बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एवं एम0एच0कन्सल्टेन्ट उपस्थित थे। निम्न लिखित बिन्दुओं पर सुझाव दिये गये–

1. जनपद के भ्रमण किये गये दोनों ब्लाक मोदहा एवं सुमेरपुर में लेबर रूम की स्थिति बहुत ही खराब दशा में पाई थी जबकि मोदहा एफ0आर0यू0 सी0एच0सी0 है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए सुझाव दिया गया कि डी0पी0एम0, डी0सी0पी0एम0, डी0ए0एम0, एम0एच0 कन्सल्टेन्ट एवं क्वालिटि कन्सल्टेन्ट तथा क्षेत्र के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आदि संयुक्त रूप से सभी फैसिलिटियों का भ्रमण कर गैप एनालिसिस के पश्चात गुणवत्ता परक सुधार माह फरवरी तक कराना सुनिश्चित करायें।
2. जनपद में कुल आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय को बढ़ाने हेतु एवं प्रस्तावित गतिविधियों को तत्काल पूर्ण कराने का सुझाव दिया गया।

3. एच0एम0आई0एस0 तथा यू0पी0 एच0एम0आई0एस0 के ऑकड़ों की नियमित समीक्षा तथा वैलिडेशन प्रत्येक स्तर पर किया जाए।
4. प्रत्येक माह ब्लाक स्तर पर अधिकारियों के साथ भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा की जाये व आगामी माह हेतु उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों के बारे में निर्देशित किया जाय।
5. समस्त बी0पी0एम0यू0 टीम का दिशानिर्देशों के अनुरूप एडवान्स टूअर प्लान बनाया जाये। जिसे मासिक रूप पर जनपद स्तर पर काम्पाईल किया जाये व डी0पी0एम0यू0 स्तर पर अधिकारियों का भ्रमण प्लान बनाया जाये। तथा माह के अन्त में माह में की गई भ्रमण की प्रगति रिपोर्ट कम्पाईल की जाये व उन पर आवश्यक कार्यवाही की जानी चाहिए।
6. जनपद के जिन विद्यालयों/इण्टर कालेजों/आंगनबाड़ी केन्द्रों में विफ्स/निपी रजिस्टर, कार्ड, पोस्टर आयरन की गोलियां अभी तक नहीं भेजी गई है। उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सुझाव दिया गया।
7. आर0बी0एस0के0 टीमों द्वारा माइक्रोप्लान के अनुसार सत्र करने एवं बफर स्टाक के रूप में आयरन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का सुझाव दिया गया।
8. एन0डी0डी0 अगस्त अभियान के तहत लम्बित आशा का भुगतान जल्द से जल्द सुनिश्चित कराना।
9. सभी एच0डब्ल्यू0सी0 को फरवरी माह तक क्रियाशील को बनाने का सुझाव दिया गया तथा उनमें दिशा निर्देशों के अनुरूप फर्नीचर, कन्ज्यूमेबल्स, दवाईया आदि की आपूर्ति करा दी जाये।
10. भ्रमण के दौरान डी0सी0पी0एम0, हस्पीटल मैनेजर क्वालिटी कन्सल्टेन्ट के द्वारा राज्य स्तरीय टीम को कोई भी सहयोग नहीं किया गया है। और न ही राज्य स्तरीय टीम से मुलाकात की गई।

**बलराम तिवारी,**
रीजनल कोऑर्डिनेटर (स्टेट)
ए0आर0सी0 सी0पी0

**इन्द्रजीत सिंह**
सलाहकार
आर0के0एस0के0